which are very backward would also benefit to corresponding extent, is the Minister in touch with the Planning Commission and other Ministries, the Ministry of Irrigation and Power in particular—because Dr. K. L. Rao has been very much in the picture in North Bengal matters—in order to have a concerted scheme and co-ordinated effort to bring about industrial development there ?

SHRI MOINUL HAQUE CHAUDHURY : As I have said, in order to remove regional imbalance we have declared certain districts as backward districts in order to help the industrialisation of these areas by giving certain concessions to private entrepreneurs. Over and above this, we have of late set up a higher power committee of Secretaries consisting of the Cabinet Secretary, the Industries Secretary, the Finance Secretary and the Adviser to the Prime Minister to go into the question of industrialisation of Bengal and the problems connected with industries there. I am sure this Committee will look into all these problems including the problems of North Bengal. I am myself also going to Calcutta on 20 August and want to have a high level discussion there and thereafter probably we will consider as to what further should be done in this matter.

SHRI B. K. DASCHOWDHURY : Kindly make a visit to North Bengal also.

## पूर्वोत्तर रेलवे के शयनयानों से पंखों का हटाया जाना

*1659. श्री महादीपक सिंह: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे के शयनयानों से एक-एक पंखा हटा लेने के कारण आधे यात्रियों को पंखों की सुविधा से वंचित रहना पड़ता है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

THE MINISTER OF RILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA): (a) and (b). No Sir. There are some deficiency of fans in sleeper coaches. This mainly due to thefts and pilferages. There is also inadequacy of indigenous capacity of production to meet such contingencies.

श्री महादीपक सिंह: अभी मंत्री महोदय ने बतलाया कि पंखों की कमी का मुख्य कारण उन की चोरी है । मैं आप के माध्यम से जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों है कि केवल स्लीपर कोचेज के पंखे ही निकाले जाते हैं और वह भी एक तरफ के, फर्स्ट और सेकेन्ड क्लास के पंखे नहीं निकाले जाते हैं? फिर चोर भी इतने जबर्दस्त कि कंडक्टर को भी उठा कर ले गये क्योंकि वहां पर कडक्टर भी नहीं रहता है । चोर भी जब चोरी करने आते हैं तो थर्ड क्लास में चोरी करते हैं हालांकि चूंकि फर्स्ट और सेकेन्ड क्लास में कम लोग सफर करते हैं इस लिये उनको उन में चोरी करनी चाहिये । तो इस का क्या कारण है कि स्लीपर कोचेज में से ही पंखे चोरी जाते हैं और वह भी एक ही तरफ के ?

SHRI HANUMANTHAIYA : The hon. member is making a comparative assessment about thefts. It may not be a very correct way of putting things. I have admitted deficiencies. There is large-scale theft of railway property, as has been admitted. We are exerting ourselves to the extent possible to stop these thefts. I have myself seen in surprise inspection that articles have been stolen from most of the compartments, whether it is third class or first class. It is only in air-conditioned coaches, where there is always a permanent man to watch, that thefts are less. This is an unfortunate situation, and all of us have to do our very best to stop this. I will also exert my utmost to see that as many fans and other facilities as possible are replaced.

श्री महादीपक सिंह : मैं जानना चाहता हूं कि मंत्री महोदय ने उत्पादन क्षमता की जो कमी बतलाई है उस को पूरा करने के लिये उन्होंने कोई प्रशासकीय कार्रवाई की है या नहीं ?

SHRI HANUMANTHAIYA : The other day, the Railway Borad wanted to place these aricles with a particular person. But I said, "Decentralise this purchase." In fact, in Haryana and Punjab areas, so many small industries are producing these fans and other things, and I have decentralised even the purchase, so that they may readily be purchased in the market according to availability.

**श्री हुकम चन्द कछवाय:** थ्री टायर के अन्दर एक ही तकलीफ नहीं है । पंखों कि चोरी के साथ कंडक्टरों की कमी की भी काफी तकलीफ है । क्या यह बात सही है कि कुछ दिनों से थ्री टायर कोचेज से कंडक्टरों को हटा कर अटेंडेंट कर दिये गये हैं ? इस से यह तकलीफ है कि अटेंडेंट टिकट नहीं बना सकते और न लोगों को सीटें दे सकते हैं । जो लोग साढ़े चार रुपये देकर जगह लेना चाहते हैं उन को बड़ी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं । उन को गार्ड के पास जाना पड़ता है । आप ने जो यह पद्धति कुछ जोनों में लगाई है क्या उस को आप समाप्त करना चाहते हैं ? क्या यह बात सही है कि इन डिब्बों में पानी की भी कोई ठीक व्यवस्था नहीं हो पाई है ? उन में पानी ठीक से भरा जाय इस के लिये क्या व्यवस्था की जा रही है?

SHRI HANUMANTHAIYA : That does not arise out of this question.

**श्री रामदेव सिंह :** मंत्री महोदय ने बतलाया कि रेलवे में बड़े पैमाने पर चोरियां हो रही हैं और उन के स्टेटमैंट से ऐसा जाहिर होता है कि वह इन चोरियों को रोकने के बारे में काफी सीरियस हैं । मैं जानना चाहता हूं कि क्या उन की छान बीन से यह पता चलता है कि रेलवे में जो चोरियां होती हैं उन में 90 फी सदी चोरियों का सम्बन्ध स्वयम् रेलवे विभाग के मुलाजिमों से होता है, जो कि चोरियों में शरीक होते हैं ?

SHRI HANUMANTHAIYA : Sir, I am inclined to agree to some extent with the hon. Member. It may be that some railway employees are in league with these operations of theft. I have issued strict instructions to see that there is no theft. Only this morning I called the Director of Vigilance and the I G of Police and all those people, and I have asked them to issue a circular so that the responsibility might be fiixed even in each zone.

**श्री रामावतार शास्त्री :** क्या यह बात सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे में यार्डों से ही पंखों की चोरियां होती हैं, चलने के वक्त नहीं ? अगर यह बात सच है तो यार्डस के अन्दर चोरियां न हों इस के लिये क्या आप ने कोई खास व्यवस्था की है ? और अगर नहीं की है, तो क्या करने का विचार रखते हैं ?

SHRI HANUMANTHAIYA : Yes, Sir; in the yards, we post the Railway Protection Force people, and also there is patrolling. Many of these things have been introduced.

**Incidents of Wagon breaking on Eastern Railway.**

* 1660. SHRI JAGADISH BHATTACHARYYA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number of incidents of wagon breaking on the Eastern Railway year-wise during the last two years;

(b) the value of property lost, destroyed or stolen through wagon breaking in the Estern Railway, year-wise, during the last two years;

(c) the causes of decrease or increase in the incidents of wagon breaking; and

(d) whether some of the officers of the Railway Protection Force are suspected to be aiding and abetting such anti-social activities ?